## रीवा घटना के विरोध में जैन समाज सड़कों पर, हत्या का केस दर्ज करने की मांग

▸ साधु-संतों की सुरक्षा के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रीवा में जैन धर्म की दो तपस्वी आर्यिका माताजी के साथ हुई दर्दनाक घटना के विरोध में सोमवार को रतलाम में समग्र जैन समाज ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर हत्या का मामला दर्ज करने एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। समाजजनों ने पदयात्रा करने वाले साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की भी मांग उठाई।

देशव्यापी आंदोलन के तहत श्री सकल जैन श्री संघ के आह्वान पर शहर के विभिन्न जैन श्री संघों के पदाधिकारी एवं समाजजन प्रात: चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिरजी से वाहन रैली के रूप में निकले और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एडीएम श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 20 मई को रीवा में दो आर्यिका माताजी को कथित रूप से असामाजिक तत्वों द्वारा फोर व्हीलर वाहन से जानबूझकर टक्कर मारी गई, जिससे उनका दुखद निधन हो गया। समाजजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर हत्या सहित कठोर धाराओं में कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि देशभर में पदयात्रा करने वाले साधु-संतों की सुरक्षा के लिए प्रशासनिक स्तर पर स्थायी एवं प्रभावी सुरक्षा नीति बनाई जाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर संयुक्त हिन्दू समाज के पदाधिकारियों ने भी उपस्थित होकर घटना की कड़ी निंदा की और जैन समाज की मांगों का समर्थन किया। वक्ताओं ने कहा कि संत-महात्माओं की सुरक्षा समाज और शासन की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन का वाचन मांगीलाल जैन ने किया। पंकज बिलाला ने आभार माना।

**यह रहे मौजूद**

कार्यक्रम में श्री सकल जैन श्री संघ के प्रकाश मुणत, ओम अग्रवाल, राजेंद्र खाबिया, डॉ. सविता जैन, मणिलाल सिसोदिया, प्रीतेश गादिया, अशोक चौटाला, विनोद मुणत, हिम्मत गेलड़ा, पारस सखलेचा, अशोक चोपड़ा, जितेंद्र चोपड़ा, बाबूलाल सेठिया, राजेश सियार, संदीप चौरड़िया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सैलाना में ज्वेलर्स की दुकान में चोरी करने वाले पकड़ाए आरोपी

▸ सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण से गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/सैलाना।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन 'सुरक्षा कवच' के तहत पुलिस को दो बड़ी सफलताएं मिली हैं। सैलाना पुलिस ने शत्रुंजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं जावरा शहर पुलिस ने महिलाओं के साथ जालसाजी कर आभूषण चोरी करने वाले आरोपी को पकड़कर लाखों का मशरूका बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार सैलाना थाना क्षेत्र स्थित शत्रुंजय ज्वेलर्स में 20 मई की रात बदमाशों ने ग्राइंडर मशीन से शटर के ताले काटकर करीब 4.5 किलो चांदी एवं 15 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर लिए थे। चोरी गए मशरूका की कीमत करीब 9 लाख रुपए आंकी गई थी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर झाबुआ जिले के झकनावदा क्षेत्र से आनंद गुर्जर और विकास उर्फ फरीद हुसैन को गिरफ्तार किया।

आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया सम्पूर्ण मशरूका, घटना में प्रयुक्त औजार, बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल, देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस एवं खाली राउंड बरामद किए गए। आरोपियों ने पूछताछ में सैलाना, बिलपांक, झाबुआ, पेटलावद, मंदसौर एवं राजस्थान क्षेत्र में चोरी और नकबजनी की अन्य वारदातों में शामिल होना भी स्वीकार किया है।

### जावरा में महिलाओं को निशाना बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जावरा।** शहर पुलिस ने महिलाओं के साथ जालसाजी कर सोने के आभूषण चोरी करने वाले आरोपी यासीन खां उर्फ बाकड़ा निवासी अहमदाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने जावरा निवासी कांताबाई को झांसा देकर उनका मंगलसूत्र चोरी कर लिया था। सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की मदद से आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मंगलसूत्र, सोने की झुमकियां और मोबाइल फोन सहित कुल 2.43 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने गुजरात, महाराष्ट्र, हैदराबाद सहित अन्य राज्यों में भी इस तरह की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार रतलाम और जावरा क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे दोनों मामलों में अहम साबित हुए। कैमरों की मदद से आरोपियों की गतिविधियों को ट्रैक कर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकी। दोनों मामलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस टीमों को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

## गाली-गलौज के बाद मारपीट, पत्थर मारकर जेसीबी के फोड़े कांच

▸ रावटी थाना क्षेत्र के महुडीपाड़ा गांव की घटना, प्रकरण दर्ज

**रतलाम/रावटी।** रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम महुडीपाड़ा में विवाद के दौरान मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने फरियादी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और पत्थर मारकर जेसीबी मशीन के कांच फोड़ दिए।

पुलिस के अनुसार फरियादी भंवरलाल पिता कन्हैयालाल अहिर, निवासी नंदराई थाना कोटड़ी जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) की शिकायत पर आरोपी रमेश पिता बद्दु खराड़ी निवासी ग्राम महुडीपाड़ा थाना रावटी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना 24 मई को शाम करीब 4 बजे कच्चा रोड महुडीपाड़ा क्षेत्र में हुई। फरियादी ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी ने पहले गाली-गलौज की, फिर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पत्थर फेंककर जेसीबी मशीन के कांच तोड़ दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं सहित भादवि की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना सउनि गणेश शर्मा द्वारा की जा रही है।

## पुलिस की दो कार्रवाई में आरोपी सहित चाकू और छुरा जब्त

**रतलाम।** दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर धारदार हथियार जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

पहली कार्रवाई ग्राम सरवनिखुर्द आमरोड क्षेत्र में की गई। पुलिस को आरोपी कान्हा उर्फ काना पिता वेलजी कटारा, निवासी सरवनिखुर्द के कब्जे से एक खटकेदार धारदार लोहे का चाकू बरामद हुआ। जब्त चाकू की कीमत करीब 250 रुपए बताई गई है। कार्रवाई कार्यवाहक प्रधान आरक्षक संदीपसिंह चौहान द्वारा की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के पास शिवगढ़-रतलाम रोड क्षेत्र में की गई। यहां पुलिस ने आरोपी आकाश पिता कैलाश गामड़, निवासी मोतीनगर को पकड़कर उसके कब्जे से धारदार लोहे का छुरा बरामद किया। छुरे के फल की चौड़ाई करीब 2 इंच एवं कुल लंबाई 13 इंच बताई गई है। जब्त हथियार की कीमत लगभग 150 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई सउनि लक्ष्मण सिंह दायमा द्वारा की गई। दोनों मामलों में पुलिस ने आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

### तेज रफ्तार बाइक बनी हादसे की वजह

**आलोट।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक वृद्ध घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी कालूराम पिता मांगीलाल खारोल, निवासी ग्राम आक्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 मई की शाम करीब 7:30 बजे ताजली रोड स्थित सगस महाराज के ओटले के पास एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में फरियादी घायल हो गए। मामले में आलोट थाना पुलिस ने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 43 एमडी 5265 के चालक के खिलाफ बीएनएस एवं भादवि की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## डांस फ्लोर से शुरू हुआ विवाद, नकाबपोश युवकों ने बरसाए पत्थर

▸ बारातियों से कहासुनी के बाद लौटे युवक, गाड़ियों के कांच फोड़े; सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मोती नगर क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। डांस कार्यक्रम के दौरान शुरू हुई कहासुनी कुछ ही देर में मारपीट और फिर पथराव तक पहुंच गई। देर रात हुए हंगामे से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार शादी समारोह में चल रहे डांस कार्यक्रम को देखने कुछ स्थानीय युवक पहुंचे थे। इसी दौरान बारातियों और युवकों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। पहले दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई और फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद के बाद कुछ युवक मौके से चले गए, लेकिन थोड़ी देर बाद चेहरे पर कपड़ा बांधकर दोबारा लौटे। आरोप है कि उन्होंने आते ही क्षेत्र में खड़ी गाड़ियों और आसपास के मकानों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से लोग घरों में दुबक गए और शादी समारोह में भगदड़ जैसे हालात बन गए। थाना प्रभारी विक्रम चौहान ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से मारपीट को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि, वाहन क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

**पथराव में कई वाहनों के कांच टूटे**

पथराव में कई वाहनों के कांच टूट गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर माणकचौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला।

### एक नजर में

### रतलाम के श्री अरिहंत कॉलेज का बीबीए-बीसीए में शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

**रतलाम।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्री अरिहंत कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन ने बीबीए एवं बीसीए परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर शिक्षा जगत में नई उपलब्धि दर्ज की है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से महाविद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बीबीए संकाय में श्रुति व्यास ने 86.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दिशा सारस्वत 85.30 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा श्रियल पिरोदिया 84.80 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं बीसीए संकाय में नवनीत राव सालुंके ने 85.70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवानी पटेल ने 84.30 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं सुरेंद्र पाटीदार ने 81.70 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। परिणाम घोषित होते ही कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। संस्था प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली का परिणाम बताया। महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल डॉ. राहुल मेहता ने कहा कि विद्यार्थियों ने अनुशासन, निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। वहीं प्रशासक डॉ. आनंद त्रिवेदी ने कहा कि संस्था भविष्य में भी उत्कृष्ट शिक्षा और श्रेष्ठ परिणामों की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### 7 दिन बहेगी भागवत ज्ञान गंगा, निकाला चल समारोह



**रतलाम।** पुरषोत्तम मास के पावन अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत का आयोजन श्री शेष नारायण मंदिर भरावा की कुई पर किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत गीता पर्व ट्रस्ट बोर्ड श्री मेढ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार समाज रतलाम द्वारा दिनांक 25 से 31 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवताचार्य योगेश्वर शास्त्री के मुखारविन्द से सात दिवस तक भागवत ज्ञान की सरिता प्रवाहित होगी। कथा से पूर्व भागवत पोथी को चल समारोह पूर्वक श्रीमालीवास स्थित लक्ष्मीजी के मंदिर से श्री शेष नारायण मंदिर भरावा की कुई तक लाया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को सफल बनाने की अपील संस्थापक अध्यक्ष नवनीत सोनी संस्थापक संरक्षक मोहनलाल मिंडिया मार्गदर्शक भगवतीलाल जलोतिया, अरविंद सोनी,पुर्व अध्यक्ष जगदीश भामा, संजय अग्रोया, राजकुमार बैलाव, अध्यक्ष गजाधर जांगलवा, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा,शैलेष जलोतिया, कोषाध्यक्ष संजय सोलीवाल, सहसचिव संतोष कड़ेल, प्रचार प्रमुख अखीलेश सहदेव, महिला मंडल अध्यक्ष, श्रीमती कृष्णा देवी मिंडिया, युवा मंच अध्यक्ष लक्की सदेवडा (भीमा) माताजी मंदिर जिर्णोद्धार समिति अध्यक्ष शैलेंद्र रूणवाल ( बंटी ) कार्यकारी सदस्य एवं सहयोग कर्ता राजेश भामा ,संजय मांडन, भूपेंद्र मंडावरा, राजेन्द्र अग्रोया,मुकेश अग्रोया, संदीप कड़ेल, मोतीलाल मिंडिया, अशोक कड़ेल, राजेन्द्र डसानियां, विनोद बराडीया, हेमंत सारडीवाल, शैलेंद्र सनगट,कपुर सोनी, अनील कड़ेल, गोपाल खेजलवाड़ आदि ने की हे।

### शांति समिति की बैठक आज

**रतलाम।** अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी दिवस में आने वाले त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम शहर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक 26 मई को सायं 6 बजे से न्यू पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### 27 के स्थान पर अब 28 को रहेगा अवकाश

**रतलाम।** अवर सचिव मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार 27 मई बुधवार को ईदुज्जुहा के घोषित अवकाश के स्थान पर 28 मई 2026 गुरुवार को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। 27 मई बुधवार को समस्त शासकीय कार्यालय निर्धारित समयानुसार खुले रहेंगे।

### फोटो वायरल करने का आरोप, युवती को दी धमकी

**रतलाम।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में एक युवती के फोटो वायरल करने और विरोध करने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादिया साहिस्ता खान पिता खालिद खान, निवासी प्रताप नगर रतलाम ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी शोएब मेव निवासी रहमत नगर, जावरा फाटक ने उसके फोटो वायरल कर दिए। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना 17 मई की शाम 7 से 8 बजे के बीच की बताई गई है। शिकायत के आधार पर स्टेशन रोड थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296(ए) एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच प्रधान आरक्षक मुकेश ओसारी द्वारा की जा रही है।



## पोथी यात्रा के साथ भागवत कथा समापन

**नामली।** पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर नगर में आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्रीमद्भागवत कथा का समापन रविवार दोपहर महाआरती एवं प्रसादी वितरण के साथ संपन्न हुआ। नगर का यह प्रथम विशाल धार्मिक आयोजन विजय मैरिज गार्डन में प्रकाश परमार ज्वेलर्स एवं डॉ. नरेंद्र नागदा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया।

कथा का वाचन पंडित आचार्य विनोद शर्मा भदवासावाले के मुखारविंद से किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर 20 से अधिक कूलर एवं फव्वारों की व्यवस्था की गई थी। साथ ही शरबत, चाय एवं ठंडे पानी की व्यवस्था भी सातों दिन निरंतर की गई, जिससे भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं ने सहज भाव से कथा श्रवण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत 19 से 21 मई तक रात्रि में अनिरुद्ध मुरारी बापू द्वारा 'नानी बाई का मायरा' कथा का आयोजन हुआ, वहीं 23 मई को मां नर्मदा के परम भक्त दिनेश केवट ओंकारेश्वर द्वारा विशाल भजन संध्या प्रस्तुत की गई, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। आयोजक परिवार एवं कथा श्रोताओं द्वारा पंडित श्री शर्मा का सम्मान भी किया गया। शाम 4 बजे विजय मैरिज गार्डन से भव्य पोथी यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मार्ग पर नगर परिषद एवं कुमावत वॉटर टैंकर द्वारा पानी का छिड़काव कर श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत पहुंचाई गई। अंत में कथा स्थल पर यात्रा का समापन हुआ, जहां सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई।

## 'खून-पसीने की कमाई से खरीदे प्लॉट वालों को सुविधाओं का हक': मंत्री काश्यप

▸ वार्ड 11, 12 और 17 की कॉलोनियों में सड़कों का भूमिपूजन




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर की अवैध और अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों को अब मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 17 की कॉलोनियों में सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि आम नागरिक अपने जीवनभर की मेहनत और खून-पसीने की कमाई से मकान बनाने के लिए प्लॉट खरीदते हैं, ऐसे में उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रखा जा सकता।

मनीष नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री काश्यप ने कहा कि अवैध और अनाधिकृत कॉलोनियां बसाना कॉलोनाइजर की गलती है, नागरिकों की नहीं। इसी सोच के साथ इन क्षेत्रों में सड़क, पानी और बिजली जैसी सुविधाएं पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब इन कॉलोनियों में विकास कार्य होते हैं तो वहां रहने वाले लोगों के चेहरे पर अलग ही खुशी दिखाई देती है। उन्होंने रतलाम में विकसित हो रहे 1500 हेक्टेयर के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का उल्लेख करते हुए कहा कि शासन द्वारा इस परियोजना पर 450 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जबकि उद्योगों द्वारा करीब 8 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि रतलाम प्रदेश का पहला नगर बन गया है जहां अवैध कॉलोनियों में डेढ़ वर्ष के भीतर सड़कों के निर्माण का व्यापक कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत शहर की 39 कॉलोनियों में 12.67 करोड़ रुपए की लागत से सीमेंट-कांक्रीट सड़कें बनाई जाएंगी। निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने भी सम्बोधित किया। संचालन संतोष जोशी व आभार एसएल गौर ने माना।

## हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ जावरा

▸ पुरुषोत्तम मास में श्री राम मंदिर में इस्कॉन का दिव्य सत्संग संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर हनुमानगंज स्थित श्री राम मंदिर में इस्कॉन संस्था द्वारा आयोजित एक दिवसीय भव्य सत्संग कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। रतलाम गेट स्थित महेंद्र प्रभु निवास परिसर में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम में रतलाम से पहुंचे इस्कॉन संस्था के वरिष्ठ प्रचारकों एवं भक्तों ने श्रीकृष्ण भक्ति से ओतप्रोत कथा एवं सुमधुर कीर्तन प्रस्तुत किए। इस दौरान श्री चौरअष्टकम का सामूहिक गायन और गीता के पुरुषोत्तमयोग का पाठ भी किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया।

सत्संग के बाद निकाले गए भव्य नगर संकीर्तन में भक्तजन हरिनाम संकीर्तन करते हुए झूमते नजर आए। नगर में निकली शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों एवं जयघोषों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम का समापन दीपदान एवं महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस्कॉन प्रबंधन ने बताया कि संपूर्ण पुरुषोत्तम मास के दौरान संस्था द्वारा निशुल्क कथा एवं कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्रद्धालु अपने घर या मंदिर में भी इस विशेष आध्यात्मिक आयोजन का लाभ ले सकते हैं।

**एक नजर में** | कॉलोनीवासियों ने थाने में दिया आवेदन, तीन अज्ञात लड़को ने सुबह 5 बजे घटना को दिया अंजाम

## रामबाग दसेडा कॉलोनी में गेट पर चस्पा किए अश्लील पोस्टर



**पुलिस बोली-सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही**

थाना प्रभारी दीपक मंडलोई ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शहर की रामबाग दसेडा कॉलोनी में शनिवार सुबह अश्लील पोस्टर चस्पा करने का मामला सामने आया है। तीन अज्ञात युवकों ने कॉलोनी के मेन गेट व दीवार पर विवादित व अश्लील पोस्टर लगा दिए। घटना से आक्रोशित कॉलोनीवासियों ने जावरा शहर थाने पहुंचकर आवेदन सौंपा और सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी के नाम दिए आवेदन में बताया गया कि सागर मोती परिसर, रामबाग दसेडा कॉलोनी में सुबह 5 से 6 बजे के बीच तीन अज्ञात लड़कों द्वारा मेन गेट पर अंदर व एक दीवार पर विवादित व अश्लील पोस्टर लगाए गए। इसकी सूचना चौकीदार द्वारा दी गई। आवेदन में कॉलोनीवासियों ने कहा, यह कृत्य अत्यंत गंभीर व निंदनीय है। निवेदन है कि इस विषय को संज्ञान में ले, और उचित कार्यवाही करें। आवेदन पर रामबाग दसेडा कॉलोनी के दिनेश मेहता, पंकज अग्रवाल, रोशन चपड़िया, दीपक अग्रवाल, अजय जांगड़े, राहुल परमार, दिलीप जैन, संदीप कश्यप, मनोज सोनी, शैलेष मेहता सहित 12 लोगों के नाम व मोबाइल नंबर के साथ हस्ताक्षर हैं।

**कॉलोनी में रोष:** कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि मेन गेट पर ऐसे पोस्टर लगाने से माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं व बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की भी मांग की है।